सुजानगढ़ को जिला बनाने को लेकर सीएम गहलोत से मिले विधायक मनोज मेघवाल

सुजानगढ़, (निसं)। सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर विधायक मनोज मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सीएम हाउस पर मुलाकात की। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मांग पत्र देते हुए कहा कि सुजानगढ़ को जिला बनाने से क्षेत्र के विकास की और राहें खुलेंगी।

मुख्यमंत्री से 15 से 20 मिनट की मुलाकात में विधायक ने सीएम को बताया कि सुजानगढ़ में एडीएम, एएसपी, डीटीओ, बीदासर में अलग से उपखण्ड, तहसील, डीवाईएसपी कार्यालय समेत अनेक कार्यालय खुल चुके हैं और सुजानगढ़ जिला बनने की तमाम शर्तें पूरी करता है। उन्होंने सुजानगढ़ के भोगौलिक स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व में भी सुजानगढ़ जिला रहा है और सुजानगढ़ के नागरिक लंबे समय से सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग कर रहे है। विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि चूरू जिला मुख्यालय से सुजानगढ़ क्षेत्र के अनेक गांवों की दूरी करीब डेढ़ सौ से दो सौ किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय से संबंधित कार्यों के लिए चूरू जाना पड़ता है जिससे लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है।

वहीं विधायक ने मुख्यमंत्री से जिला बनाने की राज्यस्तरीय कमेटी को सुजानगढ़ को जिला बनाने के लिए सिफारिश करने की मांग करते हुए सभी दस्तावेज भेजे और सुजानगढ़ जिला बनने सभी बिंदुओं की जानकारी भी दी। इस मौके पर विधायक मेघवाल ने सुजानगढ़ के जिला होने के पुराने प्रमाणिक दस्तावेज व राज्य स्तर पर बनी कमेटी के लिए अपना मांग पत्र मुख्यमंत्री गहलोत को सौंपा। मेघवाल ने बताया कि उनके पिता पूर्व मंत्री स्व.मास्टर भंवरलाल मेघवाल का भी सुजानगढ़ को जिला बनाने को लेकर प्रयासरत थे। वे अपने पिता मास्टर भंवरलाल मेघवाल के अधूरे सपने को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात करते सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल।

- वन-टू-वन चर्चा कर भोगौलिक स्थिति की दी जानकारी
- सुजानगढ़ क्षेत्र के अनेक गांवों की दूरी चूरू जिला मुख्यालय से करीब डेढ़ सौ से दो सौ किमी. दूर है

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

पाटन, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बिहारीपुर निवासी रामोतार सिंह ने शनिवार शाम 6:00 बजे अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर ली। मृतक के वृद्ध पिता रामेश्वर सिंह ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी तो ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्रामीणों ने डाबला पुलिस चौकी को घटना के बारे में अवगत करवाया। सूचना मिलने के बाद डाबला चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर रामोतार सिंह के गले में लगे फंदे को निकाल कर उसके शव को नीमकाथाना के कपिल चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कपिल चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया जिसका आज रविवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मृत्यु के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है परंतु ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रामोतार सिंह की पत्नी एवं बच्चे अपने पीहर गए हुए थे तथा घर पर वह और उसके पिता रह रहे थे। इससे पूर्व में भी रामोतार सिंह के बड़े भाई ने भी पोइजन खाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर ली थी। लगभग 75 वर्षीय रामेश्वर सिंह के 2 पुत्र थे जो अब इस दुनिया में नहीं रहे।

सार-समाचार

अनिल लाम्बा ब्लॉक अध्यक्ष बने

चूरू, (कासं)। शिक्षक भवन में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की उपशाखा चूरू का वार्षिक अधिवेशन एवं नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम पूरे वर्ष के आय-व्यय एवं कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर कस्वां ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने में शिक्षक संघ शेखावत का अहम योगदान रहा है। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक बेगरज ईसराण, सभा अध्यक्ष मोहनलाल मेहरिया, अध्यक्ष अनिल लांबा, मंत्री खादिम अली, कोषाध्यक्ष देवीलाल पूनियां, संयोजक महेंद्र पाल सिंह सिहाग, सह संयोजक जसवीर सिंह गोदारा, संगठन मंत्री शहजाद, महिला मंत्री सुमित्रा, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार ईसराण व प्रचार मंत्री तेजपाल कुम्हार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पर्यवेक्षक देवकरण फगेड़िया थे। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नेता रामनिवास मोगा, शेर सिंह पूनियां, बनवारी कस्वां, जमील अहमद, यूनुस अली, पवन बड़थवाल, गौरव ढाका, रविंद्र बुरड़क सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संघ शेखावत के पदाधिकारी उपस्थित थे।

परामर्श पर्ची की व्यवस्था के लिए कलैक्टर को पत्र लिखा

चूरू, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल चूरू में आपातकालीन इकाई के बाहर परामर्श पर्ची मिलने की व्यवस्था करवाने के लिए चूरू कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग को पत्र लिखा है। राठौड़ ने लिखा है कि राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल चूरू में आपातकालीन इकाई के बाहर परामर्श पर्ची नहीं मिलने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चूरू के अलावा अन्य जिलों में आपातकालीन इकाई मरीज को परामर्श पर्ची वहीं एक स्थान पर मिल जाती है। चूरू में फिलहाल ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

15 दिन से धरना जारी

चिड़ावा, (निसं)। नारनौल-चिड़ावा के बीच लगातार 15 दिन से संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले लाल चौक स्टैंड पर धरना जारी है। आज धरने की अध्यक्षता महावीर यादव कलगांव ने की। वहीं क्रमिक अनशन पर सौरभ कटारिया बैठे ।कामरेड बजरंग लाल बराला व कामरेड राजेन्द्र सिंह चाहर ने बताया कि प्रशासन व सरकार को कल जो मांग पत्र दिया था उस पर जल्दी ध्यान नहीं दिया तो किसान सभा आमरण अनशन शुरू करेगी। आज के धरने पर लोक कलाकार विजेन्द्र शास्त्री, कपिल तेतरवाल, मास्टर बलवान बलवदा, लाखू सरपंच सुरेश कुमार, लीलाधर सैनी, अशोक शर्मा चिडावा, बनवारी लाल सैनी, सतपाल चौधरी, कर्ण सैनी, सुनील वर्मा, जयसिंह हलवाई आदि शामिल हुए ।

श्रीराम सैनी जिलाध्यक्ष बने

चूरू, (कासं)। स्थानीय एस.एम.आरटी आईटीआई महाविद्यालय में रविवार को अखिल भारतीय कुशवाहा सैनी महासभा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुये महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पीथाराम सैनी ने माली सैनी समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने कहा कि आज सैनी समाज आत्मनिर्भर हो गया है। संगठनात्मक बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लेकर आईटीआई कॉलेज के निदेशक श्रीराम सैनी को महासभा के चूरू जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष पीथाराम सैनी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीराम सैनी का माल्यर्पण कर स्वागत किया और नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनी ने शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी, तहसील व नगर पालिका क्षेत्र में अध्यक्ष नियुक्त कर महासभा को आगे बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर विनोद सैनी, लालचंद सैनी, सुरेश कुमार सैनी, सोहन लाल सैनी, बजरंग लाल सैनी, नेमीचंद सैनी, सुभाष सैनी, महावीर सैनी, भंवरलाल, किशन लाल, देवानंद सैनी, विजय कुमार, हेमंत सैनी आदि उपस्थित थे।

सड़क हादसे में बच्ची की मौत

बीकानेर, (निसं)।श्रीडूंगरगढ़ में सड़क हादसे में घायल एक बच्ची की मौत हो गई। महज छह साल की ये बच्ची शनिवार को हादसे के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रैफर की गई थी। वहीं घटना में घायल चार अन्य की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को बीदासर रोड धर्मास पर ये परिवार एक गाड़ी में जा रहा था। रास्ते में गाड़ी पटल गई, जिससे इसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। छह वर्षीय बालिका कृतिका गंभीर घायल थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद घर में हाहाकार मच गया है। श्रीडूंगरगढ़ के जैतासर गांव का स्वामी परिवार डूंगरास गांव में एक धार्मिक आयोजन में हिस्सा लेकर लौट रहा था। धर्मास के पास इनकी टीयूवी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी में सवार कोमल, जसोदा, रेखा, श्रीकृष्ण, राकेश चोटिल हो गए थे वहीं कृतिका पुत्री रामनिवास स्वामी गंभीर थी। सभी घायलों का इलाज पीबीएम अस्पताल में चल रहा है। अन्य की हालत खतरे से बाहर चल रही है।उधर, पुलिस ने कृतिका का शव अब पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि चालक की लापरवाही के कारण ही गाड़ी पलट गई थी।

भूख हड़ताल के नवें दिन सद्बुद्धि यज्ञ किया

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार के स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग को लेकर सद्बुद्धि यज्ञ किया गया।

चूरू, (कासं)। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार के स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग को लेकर पिछले 9 दिनों से आर्यावर्त हिन्दू युवा सेना की ओर से चल रही भूख हड़ताल रविवार को भी जारी रही।

रविवार को यहां सद्बुद्धि यज्ञ कर सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र प्रजापति ने बताया कि कलेक्ट्रेट के आगे पं. हरिशंकर बंसिया ने विधिवत् पूजा अर्चना कर सद्बुद्धि यज्ञ संपन्न करवाया। धरना स्थल पर बैठे लोगों ने यज्ञ में आहुति देकर प्राचार्य का तबादला निरस्त करने की मांग की। इस अवसर पर जिला महासचिव संजय प्रजापति, योगेश कुमार, शिव भगवान, चुन्नीलाल ने भूख हड़ताल जारी रखी। यहां सेना के संस्थापक पं. दिवाकर बंसिया, दिनेश लाटा, सुनील कुमावत, मुकुंदराज, कुलदीप तेतरवाल, करणी सेना के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, आलोक सिंह, छत्रपाल सिंह, राहुल कालेर, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

- मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार का तबादला निरस्त करने की रखी मांग

पक्षी प्रेमियों का सम्मान किया

चूरू, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर रतननगर निवासी राजेन्द्र हीरावत द्वारा संचालित हीरावत फाउंडेशन चेन्नई के तत्वावधान में भगवान दास बागला मुक्ति धाम में पक्षी प्रेमियों को सम्मानित किया गया। बागला मुक्ति धाम में राष्ट्रीय पक्षी मोर के संरक्षण हेतु किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य से प्रभावित होकर हीरावत फाउंडेशन चेन्नई के द्वारा मुक्ति धाम में पर्यावरण संरक्षण में जुटी टीम व उपस्थित अन्य पक्षी प्रेमियों को सम्मान स्वरूप 'सेव बर्ड्स' स्लोगन लिखित टी-शर्ट भेंट की। हीरावत फाउंडेशन चेन्नई की तरफ से प्रतिनिधि के रूप में डॉ. केसी सोनी, डॉ. रविकांत शर्मा, एडवोकेट संदीप शर्मा, पुनीत लाटा व हेमंत सोनी ने पक्षी प्रेमियों के प्रोत्साहन के इस कार्यक्रम को संपादित किया। लोहिया कॉलेज के प्रोफेसर ऑर्निथोलोजिस्ट डॉ. केसी सोनी ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और जैव विविधता संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। पर्यावरणविद् डॉ. रविकांत शर्मा ने बताया कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से प्रकृति से नहीं जुड़ेगा, तब तक स्वच्छ वातावरण व प्रकृति का संरक्षण बहुत मुश्किल है। इस अवसर पर बागला मुक्ति धाम में पक्षियों के संरक्षण हेतु सेवाभाव से जुटे शंभुदयाल शर्मा, मदनलाल, पवन कुमार अग्रवाल, नवरतन शर्मा, सहित अन्य पक्षी प्रेमी उपस्थित रहे।

आग से गरीब का आशियाना जलकर राख

ग्राम ढाणी पोटलियान में जला गरीब का आशियाना।

बीदासर, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ढाणी पोटलियान मे शनिवार को झोपड़े व छान मे अचानक आग लगने से गरीब का आशियाना जलकर राख हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढाणी में धनाराम नायक के बने झोपड़े व छान में शनिवार की दोपहर मे अचानक आग लग गई। जिससे खाने पीने का सामान, पहने के कपड़े तथा बिस्तर सहित अनेक सामान जलकर राख हो गया। झोपड़े मे आग लगने के समय घर के बच्चे उसी मे थे तथा एक बकरी भी बंधी थी लेकिन पड़ोसियों के सहयोग से बच्चो व बकरी को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। जिससे कोई बड़ा हादसा नही हुआ। धनाराम का परिवारअब घर का आशीयाना जलने के बाद खुले आसमान के निचे रहने के लिये मजबूर है।

गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

पाटन, (निसं)। पाटन वाटी क्षेत्र में इन दिनों क्राइम दिन प्रतिदिन बढ रहा है। आए दिन क्राइम की घटनाएं घटने के बाद भी पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है जिस कारण लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ऐसा ही वाकिया विगत रात्रि पाटन थाने से महज 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ठाम पंचायत दलपतपुरा में घटा है। जिसकी प्राथमिक रिपोर्ट रविवार को पाटन थाना में दर्ज हुई है।

परिवादी सतपाल गुर्जर पुत्र रामकुंवार गुर्जर निवासी दलपतपुरा ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें लिखा है कि विगत रात्रि हम लोग हमारे घर में सो रहे थे तथा मेरे पिता रामकुंवार गुर्जर घर के बाहर सो रहे थे। रात्रि को लगभग 1:30 बजे गौतम पुत्र बुधराम गुर्जर ,शीशराम पुत्र लीलाराम गुर्जर निवासी दलपतपुरा व उनके साथ आए अन्य 7 लोग जो मेजर गाड़ी में सवार होकर आए थे, आते ही हमारे घर में खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी को ताबड़तोड़ हमले के साथ क्षतिग्रस्त कर दिया। जब वे लोग गाड़ी पर हमला कर रहे थे तो मेरी आंखे खुल गई तो मैंने देखा वे सभी लोग मेरे सो रहे पिता के पास जा पहुंचे तथा उनकी कनपटी पर बन्दूक तान कर उनको जान से मारने की धमकी तथा भद्दी भद्दी गालियां दे रहे थे। मैंने मेरे पिता का बचाव किया तो उन लोगों ने मेरे पांव पर लकड़ी से प्रहार कर मुझे भी गाली गलौज देने लगे साथ ही उन लोगों ने हवाई फायर भी किया तथा जाते वक्त उन लोगों ने धमकी दी अगर यह मामला थाने में दर्ज कर आओगे तो हम आपके परिवार के लोगों को जान से मार देंगे। सतपाल गुर्जर ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि इन लोगों से हमें खतरा है तथा ये लोग कभी भी हम पर जानलेवा हमला कर सकते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल शीशराम को सुपुर्द की है, जिसकी जांच की जा रही है। इस प्रकरण में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है पुलिस अनुसंधान करने में जुटी हुई है।

- मेजर गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने घर में खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी को ताबड़तोड़ हमले कर क्षतिग्रस्त कर दिया
- पुलिस अनुसंधान करने में जुटी हुई है

चोरी की गाड़ी लेकर भाग रहे बदमाशों ने कार ठोकी

बीकानेर, (निसं)।नागौर से स्कोर्पियो चोरी कर भागे बदमाशों ने सैरूणा के पास कार ठोक दी। कार सवार तीन जने घायल हो गए। यातायात थाने की इंटरसेप्टर के जवानों ने मौके पर पहुंच कर घायलों को क्षतिग्रस्त कार से निकाल कर पीबीएम अस्पताल भिजवाया। बदमाश हादसे के बाद स्कोर्पियो छोड़ रोही में भाग गए। सैरुणा पुलिस ने पीछा कर रोही से दो जनों को दबोचा। सैरूणा एसएचओ रामचन्द्र ढाका ने बताया कि जोधासर के पास एक स्कोर्पियो व कार की टक्कर की सूचना यातायात थाने की इंटरसेप्टर गाड़ी के स्टाफ ने दी । मौके पर पहुंचे, तब तक कार में सवार घायलों को पीबीएम अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कोर्पियो में सवार दो युवक हादसे के बाद रोही की तरफ भाग गए।

सर्व सम्मति से सैनिक कॉलोनी विकास समिति का गठन

सादुलपुर, (निसं)। सैनिक कॉलोनी विकास समिति राजगढ (चूरू) की साधारण सभा की बैठक समिति के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें वर्तमान समिति का कार्यकाल पूर्ण होने सर्व सम्मति से चुनी गई।

सैनिक कॉलोनी विकास समिति राजगढ (चूरू) की नई कार्यकारिणी के मनोनयन के प्रस्ताव के बाद सर्व सम्मति से रामप्रसाद कोठारी को अध्यक्ष, श्रवण गिल को उपाध्यक्ष, बलवान शर्मा एडवोकेट को सचिव, रणजीत सांगवान को संगठन सचिव एवं रिछपाल सिंह शेखू को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। समिति के सचिव बलवान शर्मा एडवोकेट नें बताया कि नई कारिणी सदस्य में परमेश्वर सैनी, धनसिंह सांगवान, सरोज लाम्बा, समुन्द्रसिंह राठौड, भगवानी देवी, विनोद कुमार नैण, खडगसिंह पूनियां, भगवानसिंह राव, राजेन्द्र सिंह झाझडिया, विजय पूनियां, रतन सिंह नाई, रामसिंह कडवासरा, व मक्खन सिंह पूनियां को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से ओमप्रकाश शर्मा, चन्द्रभान एडवोकेट व शीशराम पूनियां को संरक्षक के रूप सें मनोनित किया गया। शर्मा नें बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को नई कार्यकारिणी की बैठक करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विजय पूनियां, विक्रम सिंह, भगवानाराम राव, राजेन्द्र झाझडिया, श्रवण कुमार, फूल सिंह लाम्बा, राजेश कुमार, रिछपाल सिह शेखू, ईश्वरसिंह ख्यालिया, सत्यवीर कडवासरा, लालचन्द कालेरा, धनसिंह, महेन्द्र सिंह पूनियां, अमीलाल गोस्वामी, दयाचन्द कोठारी, जयसिंह झाझडिया आदि उपस्थित रहे।

चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

हनुमानगढ़ , (निसं)।रेडीमेड की दुकान से 8 लाख से ज्यादा के कपड़े चुराने के आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। जंक्शन इलाके में रेडीमेड की दुकान से 8 लाख से ज्यादा के कपड़े और अन्य सामान चुराने वाले एक आरोपी को पुलिस ने एक दिन पहले जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा गया। पुलिस आरोपी से इस मामले में कड़ी पूछताछ कर रही है। शिवनारायण ने बताया कि 14 फरवरी को सतेन्द्र बंसल पुत्र रघुवीर बंसल निवासी दुर्गा कॉलोनी, जंक्शन ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसकी दुकान जंक्शन बस स्टैंड रोड पर मिर्जा इन्टरनेशनल फ्रेंचाइजी के नाम से है। इसमें वह रेडीमेड कपड़े, जूते, जिन्स, शर्ट बेचता है। उसने अपनी दुकान पर हेल्प के लिए राकेश यादव, बब्बू खां, अनीश कुमार, कमल कुमार, दीपा, इन्द्राज, सुखवीर और लवप्रीत सिंह को रखा हुआ था।

पर्यावरण बचाने के लिए महावा में हुआ युवा संवाद

पाटन, (निसं)। ग्राम पंचायत महावा में स्थित जीण माता के मन्दिर मे प्रकृति प्रेमियों द्वारा पर्यावरण बचाने को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश की वर्तमान चुनौतियो में युवाओ की भूमिका, लोकतंत्र में संविधान का महत्व, गिरते भू-जल स्तर,पर्यावरण को दूषित होने से कैसे बचाया जाए तमाम मुद्दों को लेकर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीना की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर की गई।

कैलाश मीना ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज देश में नफ़रत का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है जो की देश के लिए घातक सिद्ध सकती है। हमे इन षडयन्त्रों से बच कर प्रेम, आपसी भाईचारे के साथ रहना है ।देश में बढ़ती बेरोजगारी में युवा अपनी बेहतर तैयारी कर नोकरी प्राप्त करे ओर ठामीण परिवेश के युवा रोजगार एवं आय स्त्रोत कैसे स्थापित करे इस पर अपनी बात विस्तार से रखी। संविधान देश की सर्वापरि महत्वपूर्ण धरोहर है इसे बरकरार रखना हम सबकी जिम्मेदारी है ।प्रर्यावरण को संकल्प के साथ बचाने की जरूरत है । सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर जैसा संघर्ष पर्यावरण को बचाने के लिए आज भी जारी है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश सैनी भराला ने अपनी बात रखते हुए भूजल-स्तर को बचाने के लिए हैण्ड पम्पो के पास सोखता गड्ढा बनाने ,बारिश के पानी को पीने में काम लेने हेतु टाँका निर्माण करने पर जोर दिया ताकि पेयजल स्तर में सुधार हो सके। जन्मदिन दिवस के उपलक्ष पर सभी युवा अधिक से अधिक पेड़ लगाए ताकि आपके जीवन की यादें भी ताजा रहे ओर पर्यावरण संरक्षण भी होता रहे।

ग्रामीण परिवेश पशुपालन में रोजगार की संभावनाएं हैं ताकि पौस्टिक दुध से अनावश्यक बीमारियो से बचा जा सके ओर आज किसानों की फ़सलो का नुकसान भी आवारा गायो को आश्रय मिलने से कम हो सकेगा। युवा साथी अजीत नरपत सिह ने बारिश के मौसम में पेड़ उपलब्ध कराने हेतु कहा जिसके लिए महेश सैनी एवं कैलाश मीना ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। सिंह ने कहा कि जितने पेड़ आप लगाना चाहते हैं बारिश के समय आपको निशुल्क पेड़ उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। जितेंद्र सिंह ने धरातल पर काम हो सके इस बात पर जोर दिया ओर ज्यादा से ज्यादा लोग इस मुहिम में शामिल होने की बात कही। रामसहाय गुर्जर पुर्व सरपंच महावा, हरिराम पूर्व वार्ड पंच, विक्रम सिंह उपसरपंच, शेर सिह वार्ड पंच, रामस्वरुप वर्मा वार्ड पन्च ने बाबा रामदास की बणी में अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं मुहिम को जारी रखने की बात कही। इस दौरान रामनिवास वर्मा, शेर सिह, हार्दिक, लोकेश आर्य, अजय सिह, भीमसिह, महेन्द्र सिंह, महिपाल सिह, मुकेश सिह, दीपक सिह, सहित अनेक लोग युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण प्रेमी।

पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों ने आक्रोश प्रकट किया

चोरों को पकड़ने की मांग को लेकर विरोध करते ग्रामीण।

बीदासर, (निसं)। निकटवर्ती गाँव बालेरा मे 13 मई की रात्रि मे हुई पशु चोरी के मामले मे पुलिस थाना मे प्रकरण दर्ज होने के बावजुद भी पशु चोरों की गिरफ्तारी नही होने पर ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया।

ग्रामीणों ने बताया कि 13 मई को बालेरा की रोही मे अज्ञात चोर सुखाराम मण्डा, हेमासर आथुणा के मुलाराम मण्डा, डुगरास आथुणा की रोही के सांवताराम मेघवाल के तीन बकरे चुराकर ले गये। जिसका पुलिस थाना में मामला भी दर्ज करवाया। लेकिन चोरों की गिरफ्तारी अभी तक नही होने पर ग्रामीण रामकरण मण्डा, शीशराम, भरत कुमार, चंद्राराम मण्डा, मांगीलाल मेघवाल, गणपत राम लुहार, श्रीचंद नाई, पोकरमल सिंहाग, सोहनराम मण्डा ने आक्रोश प्रकट किया।